Title: Need to expedite opening of Passport Office in Surat district, Gujarat.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : सभापति महोदय, गुजरात के पासपोर्ट कार्यालय में दक्षिण गुजरात के 20 हजार से अधिक पासपोर्ट जारी किए जाने के मामले लम्बित हैं। अहमदाबाद पासपोर्ट कार्यालय में स्टाफ की भी कमी है। पासपोर्ट के लिए लोगों को दक्षिण गुजरात से कई घंटों की यात्रा करनी पड़ती है और कई दिनों तक अहमदाबाद रहना पड़ता है। सूरत जिले में पासपोर्ट कार्यालय खोलने हेतु जगह का चयन कर लिया गया है परन्तु अन्य औपचारिकताएं पूरी करने में धीमी गति से कार्य हो रहा है जिससे लोगों की समस्या घटने की बजाय बढ़ रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सूरत में प्रस्तावित पासपोर्ट कार्यालय को शुरु करने के कार्य को तेजी के साथ किया जाए।